राम लाल आनंद महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय में एक दिवसीय मोबाइल पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन 22 सितंबर 2022 को प्रातः 10 बजे से किया गया। इस प्रदर्शनी का पारंपरिक शुभारंभ हमारे महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रोफेसर डॉ राकेश कुमार गुप्ता ने रिबन काट कर किया। सबसे पहली पुस्तक प्रोफेसर डॉ राकेश कुमार गुप्ता ने ही खरीदी और सभी शिक्षकों एवं छात्रों को संदेश देते हुए इस कार्यक्रम की सफलता की मनोकामना की। तत् पश्चात सभी शिक्षकों, गैर शिक्षक कर्मचारियों तथा छात्रों ने अधिकतम मात्रा में भागीदारी लेके इस कार्यक्रम को सुचारू रूप दिया और इसको सफल बनाया। घनघोर वर्षा के दौरान भी इस पुस्तक सम्मेलन मे छात्रों ने बढ़ चढ़ के भाग लिया जो कि इस पुस्तक प्रदर्शनी की विशेष उपलब्धी रही। इस कार्यक्रम को राम लाल आनंद कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई तथा पुस्तकालय समिति ने साथ मिलकर आयोजित किया। पुस्तकालय समिति से श्रीमान टी एन शर्मा जी व पुस्तकालय सहायक सुनील दत्त जी पूरे सम्मेलन में मार्गदर्शन का कार्य करते रहे तथा स्वयंसेवकों का मनोबल भी बढ़ाते रहे। कुछ शिक्षकों जैसे की डॉ राकेश कुमार, डॉ उर्वशी कुहाद जी, डॉ गौर व डॉक्टर प्रेम कुमार जी ने इस पुस्तक प्रदर्शनी का भरपूर तरीके से आनंद लिया। इस कार्यक्रम को पूर्णता: सफल और व्यवस्थित ढंग से आयोजित करवाने में मुख्य भूमिका हमारी राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर डॉ रीता जैन का रहा जिनके मार्गदर्शन में यह एक दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी सफल हो पायी। साएँ 5 बजे इस एक दिवसीय पुस्तक सम्मेलन का सफलतापूर्वक समापन हुआ।

nbt.india
एकः सूते सकलम्
आज़ादी का अमृत महोत्सव
NATIONAL BOOK TRUST, INDIA
Ministry of Education, Government of India
सचल पुस्तक प्रदर्शनी
दिल्ली विश्वविद्यालय परिसर
MOBILE BOOK EXHIBITION
University of Delhi Campus
5 सितंबर से 30 सितंबर 2022

Latitude: 28.577817
Longitude: 77.161301
Elevation: 244.03±3 m
Accuracy: 10.5 m
Time: 22-09-2022 10:36